मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, भोपाल
:: आदेश ::

M(J)
3.11.2016

भोपाल दिनांक 28.10.2016

क्र. एफ 16-07/2016/ए-ग्यारह:: मेसर्स पुंज लॉयड लि., मालनपुर, जिला भिण्ड द्वारा प्रतिबद्ध प्रस्तावित निवेश रू. 150 करोड़ को पूर्ण करने एवं भूमि के नियमानुसार उपयोग हेतु समयावधि में वृद्धि प्रदान करने तथा रक्षा उत्पाद निर्मित करने हेतु आवंटित भूमि के भाग को सहायक कम्पनियों को उपपट्टा (sub lease) पर देने हेतु अनुमति संबंधी कम्पनी के आवेदन पर प्रदेश में रक्षा क्षेत्र में निवेश को प्रथमिकता देने की मंशा के अनुरूप, मेसर्स पुंज लॉयड लि., मालनपुर, जिला भिण्ड द्वारा परियोजना में किये गये लगभग रू. 155 करोड़ के पूंजी निवेश, कम्पनी की सहायक कम्पनियों द्वारा किये जा रहे रू. 60 करोड के अतिरिक्त पूंजी निवेश एवं 250 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार सृजन संबंधी नवीन प्रस्ताव तथा विस्तार के दृष्टिगत राज्य शासन द्वारा विचारोपरांत निम्नानुसार स्वीकृति दिये जाने का निर्णय लिया गया:-

(अ) कम्पनी द्वारा परियोजना में किये गये लगभग रू. 155 करोड़ के पूंजी निवेश के दृष्टिगत परियोजना को रियायती दरों पर भूमि आवंटन के परिप्रेक्ष्य में तत्समय प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव अनुरूप निवेश रू. 150 करोड़ करने की निर्धारित अवधि दिनांक 19.10.2012 में दिनांक 31.12.2014 तक की वृद्धि की जावे तथा परियोजनांतर्गत वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने हेतु निर्धारित समयावधि को दिनांक 31.03.2011 से बढ़ाकर दिनांक 30.03.2012 किया जावे।

(ब) कम्पनी को इस संबंध में जारी आदेश दिनांक से आवंटित भूमि का पूर्ण उपयोग 3 वर्ष की समयावधि में पूर्ण करने की अनुमति दी जावे।

(स) कम्पनी की सहायक (subsidiaries) कम्पनियों यथा मे. पुंज लॉयड इण्डस्ट्रीज लि. तथा मे. पुंज लॉयड रक्षा सिस्टम्स प्रा.लि. को रक्षा उत्पाद निर्मित करने हेतु आवंटित भूमि के भाग को उपपट्टा (sub lease) पर देने की अनुमति दी जावे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(मोहम्मद सुलेमान)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
भोपाल, दिनांक 28.10.2016

पृ.क्रमांक एफ 16-07/2016/ए-ग्यारह
प्रतिलिपि,

1. प्रमुख सचिव (समन्वय), मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कॉर्पोरेशन लि., भोपाल।
4. आयुक्त, चम्बल संभाग, मुरैना ।
5. कलेक्टर, जिला भिण्ड।
6. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन (ग्वालियर) लि., ग्वालियर ।
7. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मेसर्स पुंज लॉयड लि., कॉर्पोरेट ऑफिस 1, 78, इण्डस्ट्रीयल एरिया, सेक्टर 32, गुडगॉव-122001 ।

- की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग